हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

पशु संरक्षण, ग्रामीण रोजगार एवं जैविक अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम
4



# धान खरीदी केंद्र में किसानों के लिए माइक्रो एटीएम की भी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जशपुर जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। इसी क्रम में कुनकुरी धान खरीदी केंद्र पहुँचे ग्रामवासी किसान भीमचंद लकड़ा ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की सराहना की।

**प्रशासनिक अमला कर रहा सतत निगरानी**

उन्होंने बताया कि वे प्रति वर्ष इसी केंद्र में धान बेचते हैं और इस वर्ष भी सभी व्यवस्थाएँ सुव्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि "आज मैं ऑनलाइन टोकन कटाने आया था और मुझे बिना किसी कठिनाई के टोकन प्राप्त हो गया। अब निर्धारित तिथि को मैं धान लेकर आऊंगा। लकड़ा ने यह भी बताया कि केंद्र में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई माइक्रो एटीएम सुविधा अत्यंत उपयोगी है। इससे किसान आवश्यकता अनुसार तुरंत राशि प्राप्त कर अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। यह व्यवस्था किसानों, विशेषकर छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों के लिए अत्यंत राहतकारी सिद्ध हो रही है।

धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक संतोष गुप्ता ने बताया कि केंद्र में शासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। इसमें टोकन जारी करने की ऑनलाइन व्यवस्था, माइक्रो एटीएम सुविधा, बारदाना उपलब्धता, पेयजल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक किसान को धान खरीदी प्रक्रिया सहज, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से उपलब्ध हो, जिसके लिए प्रशासनिक अमला सतत निगरानी कर रहा है।

### क्या है माइक्रो एटीएम सुविधा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों की सुविधा हेतु धान उपार्जन केंद्रों में माइक्रो एटीएम सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से किसान 2 हजार से 10 हजार रुपए तक की राशि तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस पहल से किसानों को बैंक शाखाओं में लंबी कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उन्हें धान बिक्री के तुरंत बाद आवश्यक राशि सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। यह व्यवस्था किसानों की आर्थिक आवश्यकता को तत्परता से पूरा करने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है और धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक एवं सुगम बना रही है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल संचालन के समय में किया गया परिवर्तन




**जशपुरनगर।** जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण छात्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने जशपुर जिले की शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं अन्य सभी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। यह संशोधित समय-सारणी 31 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। जारी आदेश के अनुसार प्रथम पाली की शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 8.30 से 12 बजे तक एवं शनिवार को प्रातः 8.30 से 12 बजे तक संचालित होंगी। द्वितीय पाली की शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12.15 से 4.15 बजे तक तथा शनिवार को दोपहर 12.15 से 4.15 बजे तक संचालित होंगी। एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 9 से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगी। शनिवार को इनका संचालन समय प्रातः 9र बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा।

### कलेक्टर ने अपना गणना पत्र बीएलओ से कराया सत्यापित



**जशपुरनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर अभियान के तहत गुरुवार को कलेक्टर रोहित व्यास को बूथ लेवल अधिकारी द्वारा उनके शासकीय आवास पहुंचकर उन्हें गणना प्रपत्र सौंपा गया। ततपश्चात कलेक्टर जशपुर ने गणना पत्र भरकर बीएलओ एप से सत्यापन कराया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। उल्लेखनीय है कि जिले में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं से एसआईआर के तहत गणना पप्रत्र सौंप कर सत्यापन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। यह कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 25 तक निरंतर किया जाएगा ।

### भर्ती हेतु अंतिम चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जशपुर अंतर्गत स्वीकृत आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला स्तरीय विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से 18 जनवरी .2025 से 11 फरवरी 2025 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से बंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किया गया था। विज्ञापित विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु कौशल दक्षता व लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 12 एवं 13 नवम्बर 2025 को किया गया था। जिसके उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट सूची प्रकाशन उपरांत अभ्यर्थियों की अंतिम चयन एवं प्रतिक्षा सूची जिले की वेब साईट अपलोड की गयी है।

### अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुईं राष्ट्रपति

# राष्ट्रपति ने की जशक्राफ्ट के उत्पादों की सराहना






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जनजातीय गौरव दिवस पर 20 नवम्बर को पीजी कॉलेज मैदान अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।

कार्यक्रम में जशपुर वनमंडल की ओर से जशक्राफ्ट ब्रांड के अंतर्गत एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाया गया। इस स्टॉल में वन प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों बाँस एवं सवई यास-से निर्मित आकर्षक हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

इनमें मुख्य रूप से झुमके, माला, टोपी सहित अन्य पारंपरिक आभूषण एवं उपयोगी सामग्री शामिल थीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जशक्राफ्ट के हस्तशिल्प उत्पादों को देखकर विशेष प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने स्थानीय कारीगरों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं उनका उपयोग करते हुए विकसित की गई इन पारंपरिक कलाकृतियों को सराहा। जशक्राफ्ट उत्पादों की इस सराहना से स्थानीय ग्रामीणों एवं कारीगरों में उत्साह का संचार हुआ है। इससे न केवल आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय कला एवं हस्तकला को भी व्यापक पहचान प्राप्त होगी।



# आवासीय विद्यालय का चौकीदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिस चौकीदार पर बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, वही उनकी मासूमियत पर हमला कर रहा था। आवासीय विद्यालय के छात्रों से नज़दीकियां बनाकर बैड टच करने वाला चौकीदार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। खुलासे के बाद पूरे इलाके में आक्रोश की लहर है।

पत्थलगांव थाना क्षेत्र स्थित एक आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने हिम्मत दिखाते हुए पहले प्रधानपाठक को लिखित शिकायत दी। बच्चों ने बताया कि चौकीदार निरंजन किस्पोट्टा उम्र 35 वर्ष अनुचित तरीके से उन्हें छूता था, जिससे वे खुद को असुरक्षित महसूस करते थे। प्रधानपाठक ने मामला तत्काल उच्च अधिकारियों को बताया, जिसके बाद सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर की निगरानी में पाँच सदस्यीय जांच टीम गठित की गई। टीम की जांच में बच्चों के आरोपों की पुष्टि हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पत्थलगांव पुलिस ने तुरंत पोस्को एक्ट की धारा 8 व 10 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई में गति दिखाते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में निरंजन किस्पोट्टा ने अपराध कबूल भी कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी जनवरी 2025 से आवासीय विद्यालय में कार्यरत था और परिसर में ही रहता था, जिससे छात्रों पर उसकी निगरानी लगातार बनी रहती थी। पर्याप्त सबूत मिलने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### दोषी को नहीं बख्शा जाएगा

एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस बच्चों और महिलाओं से जुड़े अपराधों को लेकर बेहद संवेदनशील है। छात्रों से बैड टच करने वाले आरोपी चौकीदार की गिरफ्तारी की गई है। ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# तंबाकू नहीं देने पर दोस्त ने कर दी दोस्त की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोनकेल, चराईखारा में बीती शाम हुई मारपीट की घटना ने बुधवार को सनसनी मचा दी। घायल युवक की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को दबोचकर न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।ग्राम कोनकेल निवासी अशोक राम उम्र 35 वर्ष मंगलवार शाम गांव के ही एक व्यक्ति के आंगन में आग ताप रहा था। इसी दौरान उसका हमउम्र साथी संदीप एक्का उम्र 35 वर्ष वहां पहुंचा और तंबाखू मांगने लगा। अशोक ने साफ कहा "इतना पैसा नहीं कि रोज-रोज तंबाखू खिलाऊं।" इसी बात पर दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

विवाद बढ़ा तो अशोक घर की ओर चला गया, लेकिन संदीप पीछे-पीछे पहुंच गया। घर पहुंचते ही उसने अशोक को हाथा-पाई कर जमीन पर गिरा दिया और सीने में लात से वार कर दिया। घायल अशोक रातभर तकलीफ में तड़पता रहा। सूचना पर सरपंच पहुंचे तो अशोक ने खुद हमलावर का नाम बताया और सुबह इलाज के लिए अस्पताल जाने की बात कही।लेकिन बुधवार सुबह जब परिजन उसे अस्पताल लेकर जा रहे थे, रास्ते में ही अशोक ने दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा विद्याधर राम ने थाना नारायणपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल धारा 103(1), 332(ए) बीएनएस के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। पुलिस ने मौके का निरीक्षण, शव पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टर की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में बताया गया कि चोटों के कारण हुई आंतरिक क्षति से मौत हुई है यानी मामला साफ तौर पर हत्यात्मक है।



### पुलिस की तत्काल कार्रवाई से आरोपी गिरफ्त में

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप एक्का को उसके घर से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार भी कर लिया। साक्ष्य मिलने के बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

### आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

जशपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि तंबाकू को लेकर हुए विवाद में मारपीट के कारण घायल युवक की मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

### भर्ती के लिए अंतिम वरीयता सूची प्रकाशित

**जशपुरनगर।** महिला एवं बाल विकास द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में सेवा प्रदाताओं के पदों पर नियुक्ति हेतु पैरा लीगल कार्मिक/वकील के 1 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक के 1 पद एवं सुरक्षा गार्ड/नाइट गार्ड के 3 पदों पर भर्ती अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई थी। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा प्राप्त समस्त दावा-आपत्तियों का निराकरण करते हुए अंतिम पात्रता सूची एवं पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। अंतिम वरीयता सूची में शामिल सभी पात्र अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा 26 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के स्थान एवं समय की विस्तृत जानकारी पृथक से जारी की जाएगी। उक्त अंतिम पात्रता सूची एवं वरीयता सूची जिला जशपुर की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जशपुर डॉट एनआईसी डॉट इन तथा कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई है।

### दिव्यांगजन के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित'

**जशपुरनगर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा 40 प्रतिशत या इससे अधिक की दिव्यांगता से ग्रस्त दिव्यांगजनों के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना संचालित है। इस योजना के तहत संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने वाले दिव्यांग व्यक्ति को लाभ दिया जाता है। संघ व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में आयोजित प्रारभिंक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर राशि एक मुश्त 20 हजार रूपए और मुख्य परीक्षा में चयन होने पर राशि एक मुश्त 30 हजार रूपए तथा अतिंम चयन होने पर राशि 50 हजार रूपए एक मुश्त लाभ दिया जाता है। इस प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने वाले दिव्यांग प्रतिभागी प्रोत्साहन राशि प्राप्ति हेतु उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग जशपुर को आवेदन कर सकते हैं।

# बच्चों के साहस और बुद्धिमत्ता को मिलेगा सम्मान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के उन बालक एवं बालिकाओं को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, बुद्धिमत्ता एवं वीरता का परिचय दिया है।

इस सम्मान के अंतर्गत चयनित 05 बालक/बालिकाओं को 25 हजार रुपये नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस हेतु आवेदन प्रारूप जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग संगम चौक जशपुर अथवा एकीकृत बाल संरक्षण इकाई (मिशन वात्सल्य), भागलपुर रोड, रणजीता स्टेडियम के पीछे स्थित कार्यालय से प्राप्त कर प्रविष्टियां निर्धारित प्रपत्र में 20 दिसंबर 2025 तक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी उपरोक्त कार्यालयों से निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर ने बताया कि आवेदन के साथ कार्य घटना से संबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) अथवा पुलिस डायरी की प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। कार्य घटना का विवरण यदि किसी समाचार पत्र या पत्रिका में प्रकाशित हुआ हो, तो उसकी कतरन भी संलग्न की जानी चाहिए। बालक अथवा बालिका के दो नवीन फोटोग्राफ सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक |
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक |

आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### 400 यूनिट तक मिले बिजली बिल हाफ का लाभ, जारी हो बेरोजगारी भत्ता

**अंबिकापुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल में दो सौ यूनिट तक छूट दिए जाने की घोषणा के बाद युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने फिर से 400 यूनिट तक बिजली



बिल हाफ योजना और 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को प्रदेश में लागू किया था लेकिन राजनैतिक द्वेष के कारण इस योजना को बंद किया गया। कांग्रेस ने हर मोर्चे पर विरोध किया जिसके बाद सरकार इस योजना को पुनः चालू कर रही है लेकिन सिर्फ 200 यूनिट तक पर इसका लाभ मिलेगा। हमारी मांग है जनता को पूरा 400 यूनिट तक हॉफ योजना का लाभ दिया जाए। इसके साथ ही मांग की है कि बेरोजगारी भत्ता जो छात्रों को 2500 प्रतिमाह दिया जा रहा था जिससे छात्रों को आर्थिक मदद मिलती थी इस योजना को भी पुनः प्रारंभ किया जाए।

### चूहा मारने के लिए घर में रखी दवा खाने से मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** घर में चूहों की संख्या बढ़ जाने तथा आए दिन सांप के घर में आने पर ग्रामीण ने चूहा मारने की दवा घर में रखा तो उसे मासूम ने खा लिया। मासूम को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी तब लगी जब मासूम के किए उल्टी को मुर्गियों के खा लिया जिससे मुर्गियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत सुवारपारा निवासी श्याम लाल कुछ दिन से घर में चूहों की संख्या अधिक हो जाने तथा आए दिन घर में जहरीले सांप के आने से परेशान था। 17 नवम्बर को चूहा को मारने के लिए दवा लेकर आया और घर के कोने में रख दिया। इसी बीच श्यामलाल का 3 वर्षीय बेटी वाधिका खेलने के दौरान दवा को खाकर सो गई। रात में दो तीन बार उल्टी की जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। सुबह उल्टी को दो मुर्गियों ने खा लिया जिससे दोनों की मौत हो गई। परिजन ने बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर दवा खा लेने की आशंका पर उसे शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बच्ची की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन बच्ची को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### मधुमक्खियों के काटने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

अम्बिकापुर। पानी टंकी से मधुमक्खियों का छत्ता हटा रहे ग्रामीण को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के काटने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम धरतीडमर निवासी फूल साय आ. स्व. लंगरा (46 वर्ष) राजमिस्त्री का काम करता था। 8 नवम्बर को ग्राम सिविलदार काम करने गया था। इसी बीच अपने साथियों के साथ पानी टंकी से मधुमक्खियों का छत्ता हटा रहा था तभी उसे मधुमक्खियों ने काट लिया जिससे घायल हो गया। दूसरे दिन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

### स्पोर्ट्स वीक सेलिब्रेशन में हैंडबाल स्पर्धा ने बढ़ाया उत्साह

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में चल रहे स्पोर्ट्स वीक सेलिब्रेशन के तहत हैण्ड बॉल स्पर्धा में बालिका वर्ग के शेक्सपियर हाउस ने आइंस्टीन हाउस को हराकर 2-0 के स्कोर से जीत हासिल किया। हिमांशी तिर्की की कप्तानी बहुत शानदार रही एवं अन्य खिलाड़ी शिवानी साहू, रोजली गुप्ता, अंजली यादव, कनीज फातिमा, इरम जबी एवं मन्तशा फातिमा थी। बालिका वर्ग में टैगोर हाउस ने कलाम हाउस को 3-1 के स्कोर से हराकर जीत हासिल किया। कलाम हाउस में कप्तान कर्मण सिंह, विक्रम यादव, रोहित कुजूर, तनिष्क सिन्हा, विश्वास, जिशान अली, नैतिक गुप्ता एवं अक्षत कुमार थे।

## जनजातीय गौरव दिवस के तहत हुआ कार्यक्रम

# राज्य स्तरीय करम महोत्सव में कलाकारों ने दी पारम्परिक नृत्य की प्रस्तुति




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार।



मुर्गा लड़ाई का प्रदर्शन करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहर के पीजी कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय करम महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में प्रदेशभर से चयनित नर्तक दलों ने अपनी आदिवासी संस्कृति, सभ्यता का प्रदर्शन किया। इस दौरान कलाकारों में खासा उत्साह देखने को मिला। मांदर की थाप पर दलों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता देर शाम तक जारी रही। बड़ी बात यह है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले दलों को राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

**खास बात**

- विभिन्न दलों के बीच रहा कड़ा मुकाबला

**पारंपरिक परिधानों में दी प्रस्तुति**

करम महोत्सव प्रतियोगिता के दौरान प्रदेशभर से आए हुए नर्तक दलों में पारम्परिक आदिवासी परिधानों में विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने मांदर की थाप और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही नृत्य के बीच मुर्गा लड़ाई सहित अन्य नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान और जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक विरासत को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

बता दें जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) का आयोजन किया गया है। विकासखंड और जिला स्तर पर हुए आयोजनों में कलाकारों ने प्रस्तुति दी। जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता के बाद प्रदेशभर से टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता एवं उत्तर छत्तीसगढ़ जनजातीय लोक कला महोत्सव (करम महोत्सव) के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में किया गया। जनजातीय नर्तक दलों को प्रदर्शन हेतु उचित मंच उपलब्ध कराने व पारंपरिक नृत्य शैली को बढ़ावा देने, सरंक्षण एवं संवर्धन करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष अक्टूबर से नवम्बर माह में शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया जाता रहा है। राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में बस्तर संभाग से 7, सरगुजा संभाग से 6, दुर्ग संभाग से 3, रायपुर संभाग से 2, एवं बिलासपुर संभाग से 4, इस प्रकार कुल 22 जनजातीय नर्तक दल शामिल प्रत्येक नर्तक में 35 से 40 सदस्य हुए। राज्य स्तर पर उत्तर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव (करम महोत्सव) में विभिन्न जिलों से कुल 9 नर्तक दल हुए। नृत्य प्रतियोगिता समाचार लिखे जाने तक जारी थी। ऐसे में विजेता दलों का एलान नहीं हो सका।

## उम्र के अंतिम पड़ाव में वृद्धा ने नहीं मानी हार, सब्जी बेचकर कर रही गुजर बसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम बरदरी निवासी 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला मनबसिया अपने अदम्य जज़्बे और कठिन संघर्षों के कारण आज कई लोगों के लिए मिसाल बन चुकी हैं। वह अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव में है। जहां इस पड़ाव में अधिकांश लोग चलने-फिरने में असमर्थ हो जाते हैं, वहीं बुजुर्ग महिला हर दिन जीवन से जूझते हुए आगे बढ़ने का हौसला दिखाती है।



जानकारी के अनुसार बुजुर्ग महिला कई वर्षों तक रामानुजगंज आकर भीख मांग कर अपना गुजारा करती रही थीं, लेकिन पिछले पांच वर्षों से उनकी चलने-फिरने की क्षमता बहुत कम हो गई है। सीधी खड़ी भी नहीं हो पाती और झुकी हुई कमर तथा एक लकड़ी के सहारे ही चल पाती हैं। बावजूद वह मेहनत करना नहीं छोड़तीं। रोजाना गांव के खेतों से सब्जियां तोड़कर लाती हैं और फिर सब्जी को बेचने के लिए बाजार का रुख करती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि झुकी हुई कमर और कमजोरी के बावजूद वह प्रतिदिन लगभग 8 से 10 किलो सब्जियां उठाकर लाती हैं, जिसमें करेला, बथुआ सहित अन्य मौसमी सब्जियां रहती हैं। आज वह रामानुजगंज बाज़ार में करेला बेचने पहुंची थीं। लोग उन्हें देखकर दंग रह गए। इतनी उम्र और इतनी शारीरिक परेशानी के बावजूद इतना साहस और मेहनत करने की क्षमता कहां से आती है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि उनका लगभग 40 वर्षीय पुत्र शिवपूजन है जो मानसिक रूप से कमजोर है और पूरी तरह उस पर ही निर्भर है। उसके लिए भोजन और दवा की व्यवस्था अकेले करती हैं। लोगों का कहना है कि बुजुर्ग महिला उन युवाओं के लिए प्रेरणा हैं जो छोटी-छोटी कठिनाइयों से घबराकर हताश हो जाते हैं। 85 वर्ष की उम्र में भी वह अपनी मेहनत से यह साबित कर रही हैं कि इंसान चाहे तो किसी भी परिस्थिति में संघर्ष करके जीवन का रास्ता बना सकता है। प्रशासन तथा स्थानीय लोगों को भी ऐसी नारी शक्ति की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि उनका जीवन थोड़ा आसान हो सके और उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का अवसर मिले।

### ग्राम रामपुर में ग्रामीण के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रमेश सिंह पिता कंवल साय गोंड की बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है,वाहन स्वामी प्रार्थी रमेश सिंह की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,पुलिस में दर्ज कराए रिपोर्ट में रमेश सिंह ने बताया सोमवार के शाम में वह अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 29 एसी 7015 को अपने घर के बरामदे में खड़ा किया था, दूसरे दिन जब सोकर उठा तो उसकी बाइक मौके पर नहीं थी जिसके बाद उसने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मंत्रियों ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दौरा व जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियां लगभग पूर्णता की ओर है। इस बीच कार्यक्रम के अंतिम तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को राज्य मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार दुर्गा दास उइके, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप के साथ कार्यक्रम स्थल पी जी कॉलेज ग्राउंड पहुंचे।

- जनजातीय शिल्पकारों से की मुलाकात

इस दौरान मंच व्यवस्था, अतिथियों एवं आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, स्टॉल, शिल्पग्राम सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने यातायात नियंत्रण, पार्किंग, वीआईपी मूवमेंट, मीडिया प्रबंधन, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं आपात सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। सभी मंत्रियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया और शिल्पग्राम का भी अवलोकन किया। सभी ने शिल्प ग्राम में जनजातीय शिल्प कला, परम्परागत जड़ी-बूटियों से इलाज, हथकरघा से बनी साड़ी और कपड़े सहित बांसकला से बनी कलात्मक वस्तुओं का अवलोकन कर तारीफ़ की। इस दौरान सभी मंत्रियों ने आस पास से आए जनजातीय शिल्पकारों एयर कलाकारों से भी मुलाकात की।



**संस्कृति मंत्री ने किया निरीक्षण**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे को लेकर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को यह ध्यान देने को कहा कि महामहिम राष्ट्रपति का यह आगमन सरगुजा क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है, इसलिए सभी व्यवस्थाओं को उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक और गरिमापूर्ण रूप से संपन्न हो। मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने इस दौरे को प्रदेश और खासकर सरगुजा के जनजातीय समाज के लिए एक ऐतिहासिक व प्रेरणादायक क्षण बताया, और सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी व सतर्कता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में दुर्ग की टीम ने हासिल की जीत

**अंबिकापुर।** सरगुजा में आयोजित दो दिवसीय राज्य जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप में दुर्ग की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया है। दुर्ग की टीम ने फाइनल मुकाबले में जांजगीर चांपा की टीम को मामूली अंतर से शिकस्त दी। बता दें कि सरगुजा में दो दिवसीय चौथी राज्य स्तरीय जूनियर नेटबॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन माउंट लिट्रा जी स्कूल परिसर में किया गया था।

- जांजगीर चांपा की टीम बनी उप विजेता, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव ने किया सम्मानित

इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 32 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों सहित लगभग 400 खिलाड़ी, कोच, अधिकारी एवं प्रबंधक सम्मिलित हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरगुजा की धरती प्रतिभाओं से समृद्ध है। यहां आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता से नए खिलाड़ी प्रेरित होंगे और यह आयोजन ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों में खेलभावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन को विकसित करती हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि बालक वर्ग में प्रथम दुर्ग, द्वितीय जांजगीर-चांपा, तृतीय स्थान संयुक्त टीम रायपुर एवं धमतरी एवं बालिका वर्ग प्रथम दुर्ग, द्वितीय सरगुजा, तृतीय संयुक्त टीम (धमतरी एवं रायपुर) ने हासिल किया। सरगुजा के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में हल्की चूक के कारण परिणाम निराशाजनक रहे, परंतु सरगुजा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। इस दौरान अजय सिंह भंवर बाबा, जेडी अग्रवाल, हेमंत तिवारी, आशीष जायसवाल, विनोद गुप्ता, प्रभाकर उपाध्याय, राजू अग्रवाल, उत्तम सिंह सिसोदिया, प्रतीक दीक्षित, वर्षा अग्रवाल, राधे अग्रवाल, मीना क्रिकेटर, राजेश राठौर, रजत सिंह, प्रियंका पैकरा, प्रज्ञा मिश्रा, प्रिया जायसवाल, रीविका, शशांक तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



### एसी बेचने का झांसा देकर व्यापारी से 70 हजार की ठगी

**अम्बिकापुर।** मोमिनपुरा टाबर गली निवासी भट्ठी रोड स्थित एयर कंडीशन का दुकान संचालक इश्तेयाक खान ने गांधी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उसके मोबाइल में 14 नवम्बर को अनजान व्यक्ति का फोन आया और उसने दुकान संचालक को 10 एसी बेचने की बात कही। साथ ही योनानता डेकोर के गोदाम जाने तथा कर्मचारी ज्ञान से बात कराया। इधर अनजान व्यक्ति के झांसे में आने तथा उसके भेज क्यूआर कोर्ड में पहले 1 हजार फिर 19 हजार और बाद में 50 हजार रुपए डाल दिया। रुपए डालने के बाद जब पुनः संपर्क किया तो अनजान व्यक्ति का मोबाइल बंद बताया। जब ज्ञान नामक व्यक्ति से बात किया तो वह मुकर गया। युवक ने धोखाधड़ी कर 70 हजार ठग लेने की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### सांसद ने किया गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ियों का सम्मान

**रजपुरीकला।** सांसद चिन्तामणि महाराज द्वारा आज कार्यालय में उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया है। सांसद कार्यालय में खिलाड़ी श्रेयस राय और सोनम सिंह ने भेंट की। जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स डिस्कस थ्रो अंडर 17 एवं श्रेयस राय ने रेसलिंग फ्री स्टाइल 69 किग्रा प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से स्वर्ण पदक जीतकर पूरे प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सांसद चिंतामणि महाराज ने दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश व क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। राष्ट्रीय स्तर पर भी वे निश्चित रूप से शानदार प्रदर्शन करेंगे। सांसद ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## शरारती तत्वों ने मिसाई के लिए रखे धान के ढेर में लगाई आग

**धौरपुर।** मिसाई के लिए खेत के खलिहान में रखे धान की ढेर में शरारती तत्वों ने आग लगा दी जिससे धान की ढेर पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। किसान ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढूंढू अंतर्गत ग्राम सरईडीह निवासी किसान कृष्णा सारथी कुछ दिन पूर्व ही खेत में लगी धान की फसल के तैयार हो जाने पर कटवाया था। धान की मिसाई खेत में ही करने के लिए खलिहान बनाया जहां गत दिन खेत में कटाई के धान को खलिहान में मिसाई करने के लिए रखा था। दूसरे दिन खेत स्थित खलिहान में रखे धान की मिसाई करने के लिए मजदूर लेकर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। मिसाई के लिए रखे धान के ढेर आग से जल जाने से राख हो चुकी थी। किसान के मुताबिक बीती रात ही अज्ञात लोगों ने उसके धान की फसल को आग लगा दिया गया है जिस से पूरा फसल जलकर खाक हो गई। किसान कृष्णा सारथी सहित गांव के सरपंच ने घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाना दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।



### दिसम्बर से शुरू होनी है गिनती, एनटीसीए व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने बताई बारीकियां

# बाघों की गणना के लिए वन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 कार्यक्रम के तहत बुधवार को सरगुजा में विशाल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के अधिकारियों ने स्वयं उपस्थित होकर सरगुजा के अधिकारी कर्मचारियों को बाघों की गणना से संबंधित प्रशिक्षण देने के साथ ही बारीकियां बताई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेंज भर के लगभग 550 वन अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

बताया जा रहा है कि दिसम्बर माह से बाघों की गणना का कार्य शुरू होना है। सरगुजा संभाग की बात की जाए तो गुरूघासी दास तमोर पिंगला को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। इस बीच बैकुंठपुर के साथ ही सूरजपुर जिले के लगे हुए जंगलों में बाघ की मौजूदगी भी लगातार बनी रहती है। समय समय पर बाघ अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते है। ऐसे में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा वनमंत्री छग के निर्देशन और प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव) के मार्गदर्शन में स्थित काष्ठागार में अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के अन्तर्गत गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व,अम्बिकापुर द्वारा सरगुजा वृत्त स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) नागपुर से आये बायोलॉजिस्ट अनिल दशहरे, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ प्रतिनिधि उपेन्द्र दुबे एवं पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक मार्गदर्शन दिया। बाघ संरक्षण के प्रति राज्य के प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन फील्ड स्टॉफ को नवीन तकनीकी, मानकों और प्रोटोकॉल की समझ प्रदान करने में अत्यंत उपयोगी रहा।



इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अखिल भारतीय बाघ गणना विश्व के सबसे बड़े वन्यजीव निगरानी कार्यक्रमों में से एक है जिसमें भारत के सभी टाईगर रिजर्व एवं संरक्षित क्षेत्रों में बाघों की संख्या व वितरण का वैज्ञानिक आंकलन किया जाता है। इस प्रक्रिया में कैमरा ट्रैपिंग, लाईन ट्रांसेक्ट, हैबिटेट आंकलन और जन सहभागिता जैसे उन्नत विधियों काउपयोग किया जाता है। अखिल भारतीय बाघ गणना देश के बाघ संरक्षण प्रयासों की दिया तय करने और नीतिगत निर्णयों के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 2026 के बाघ गणना को अधिक सटीक, मानिकीकृत और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव) वृत्त सरगुजा एस. वेंकटचलम, उप निदेशक एलीफेन्ट रिजर्व श्रीनिवास तेन्नेटी, डिप्टी डायरेक्टर टाईगर रिजर्व सौरभ सिंह ठाकुर के अलावा सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया वनमंडलों के वनमंडलाधिकारी, टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक, तमोर, पिंगला, सेमरसोत एवं बादलखोल अभ्यारण्य के अधीक्षक, सभी उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी सहित 550 फील्ड शामिल हुए।

## ब्लॉक स्तरीय आधार कार्ड फुटबाल स्पर्धा पर जगन्नाथपुर टीम का कब्जा

**प्रतापपुर।** ब्लॉक स्तरीय आधार कार्ड फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में जगन्नाथपुर और अतोरी के बीच खेला गया जिसमें जगन्नाथपुर की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल की बढ़त से जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता में प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत 16 टीम ने भाग लिया था।

स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला जगन्नाथपुर की टीम एवं अटौरी के टीम के बीच हुआ। दोनों टीम ने निर्धारित समय पर एक-एक गोल से बराबरी पर रहे। निर्धारित समय में हार जीत का फैसला नहीं होने पर पेनल्टी शूटआउट कराया गया जिसमें पांच पांच गोल से दोनों टीम बराबर रहे जिसके बाद पुनः पेनल्टी शूटआउट की गई जिसमें जगन्नाथपुर की टीम एक गोल से बढ़त हासिल कर विजय रही। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। बड़ी संख्या में दर्शकों ने अपने-अपने टीमों का उत्साह बढ़ाने में लगे रहे।





# ‘ओ ओ जाने जाना’ गाने पर झूमे शाहरुख और सलमान

**मुंबई।** सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान तीन दशकों से भी ज्यादा समय से दोस्त हैं। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। दोनों कलाकार अक्सर किसी न किसी इवेंट में मिलते रहते हैं। ऐसे ही एक इवेंट में दोनों ने सलमान के मशहूर गाने ‘ओ ओ जाने जाना’ पर जमकर डांस किया। यह ‘परफॉर्मेंस’ कुछ समय पहले का है, लेकिन इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि शाहरुख खान और सलमान खान एक दूसरे के साथ डांस स्टेप्स मैच कर रहे हैं। दोनों फॉर्मल ड्रेस में हैं। डांस करते हुए दोनों काफी खुश हैं। दोनों स्टार जब स्टेज पर डांस कर रहे हैं, तो उनके सामने जो लोग मौजूद हैं वह भी उनके साथ डांस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# हुमा

## आधे से ज्यादा लोगों को ठीक से हिंदी नहीं आती

हुमा कुरैशी ने फिल्मों के बाद वेब सीरीज की दुनिया में भी अलग जगह अपने लिए बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस की सीरीज ‘महारानी’ रिलीज हुई। इस सीरीज के लिए उन्होंने बिहारी भाषा सीखी। अपने किरदार को दमदार बनाने के लिए काफी मेहनत की। लेकिन, हुमा का मानना है कि बॉलीवुड की स्थिति अलग है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा से जुड़े होने के बाद भी कई लोगों को बॉलीवुड में हिंदी नहीं आती है। इस बात से हुमा काफी दुखी हैं। हुमा कुरैशी ने कहा, ‘हिंदी फिल्म इंडस्ट्री होने के बावजूद आधे से ज्यादा लोग ठीक से हिंदी नहीं जानते हैं। सेट पर बातचीत भी इंग्लिश में होती है। यहां तक कि हमारी स्क्रिप्ट भी इंग्लिश में ही छपती है। मेरा सवाल है कि आप फिल्में किसके लिए बना रहे हैं? आप इन्हें हिंदी बोलने वाले दर्शकों के लिए बना रहे हैं। तो कम से कम हिंदी तो बोलिए। पिछले दिनों हुमार कुरैशी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में बताया था कि वह कोई भी भाषा जल्दी सीख जाती हैं। वह कहती हैं, अगर मैं किसी के साथ रोज आधा या एक घंटा बिताऊं, तो उनकी तरह बोलना शुरू कर सकती हूं। कुछ दिन पहले हुमा कुरैशी को सिंगर हिमेश रेशमिया के म्यूजिक कॉन्सर्ट में देख गया। इस कॉन्सर्ट में वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड रचित सिंह के साथ देखा गया। रचित ने हुमा के गले में हाथ डाला हुआ था, यही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। लेकिन अब तक अपने रिश्ते को लेकर हुमा कुरैशी ने कोई बयान नहीं दिया। अपने रिलेशनशिप को पब्लिकली कंफर्म नहीं किया है।



हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडरमैन बनकर लौटेगा...

**लॉस एंजिल्स।** ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ मार्वल यूनिवर्स अगली बड़ी फिल्म है, जो साल 2026 में रिलीज होगी। इस फिल्म में वैनेसा किबी, रॉबर्ट डाउने जूनियर और लुईस पुलमैन जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। हॉलीवुड इंडस्ट्री के जाने-माने जानकार डेनियल रिचमैन ने बताया है कि सभी के फेवरेट टोबी मैग्वायर मोस्ट अवेटेड फिल्म ‘एवेंजर्स डूम्सडे’ में स्पाइडर मैन के किरदार में फिर से दिखाई दे सकते हैं। एवेंजर्स डूम्सडे में टोबी मैग्वायरका कैमियो होगा या फिर वह फुल फिल्म में स्पाइडर मैन बनकर एक्शन करते दिखाई देंगे।



# रैपर निकी मिनाज ने संयुक्त राष्ट्र में उठाया गंभीर मुद्दा...

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि नाइजीरिया में ईसाइयों को सताया जा रहा है। इस बात को निकी मिनाज ने भी मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के एक कार्यक्रम में कहा है। त्रिनिदाद में जन्मी निकी मिनाज ने ट्रंप को शुक्रिया भी कहा क्योंकि इतने जरूरी मुद्दे पर उन्होंने बात की। इस महीने शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाइजीरिया में ईसाइयों को सताए जाने का मुद्दा उठाया। सोशल मीडिया पर भी उन्होंने यह बात कही, जिस पर निकी मिनाज ने भी रिएक्शन दिया था। इस मुद्दे के चर्चा में आने के बाद संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निकी ने अमेरिकी मिशन के एक पैनल में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और रिलीजियस लीडर के साथ बात की। वह कहती हैं, दुख की बात है कि यह समस्या न केवल नाइजीरिया में, बल्कि दुनिया भर के कई अन्य देशों में भी बढ़ती जा रही है।



# अपने फैसलों पर होता है पछतावा..!

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की सबसे कामयाब अभिनेत्रियों में शामिल हैं। अपने 18 साल के कॅरियर में दीपिका पादुकोण ने अब तक कई कामयाब फिल्मों में काम किया है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म ‘ओम शांति ओम’ से की और वह पैन इंडिया ब्लॉकबस्टर फिल्म ‘कल्कि 2898 ए.डी.’ में नजर आईं। हालांकि, उनकी कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जो बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकीं। हाल ही में दीपिका ने एक इंटरव्यू में माना कि कई बार उन्होंने गलत फैसले भी लिए हैं, जिसका उन्हें पछतावा है। दीपिका ने बताया कि वह फिल्म चुनते वक्त किन बातों का ध्यान देती हैं। दीपिका ने बताया ‘सबसे बड़ी चीज प्रमाणिकता है। जो भी चीज सच्ची नहीं लगती, वह मुझे रास नहीं आती। कभी-कभी लोग बहुत सारा पैसा देते हैं और सोचते हैं कि इससे सब कुछ हो जाएगा।



# परिणीति- राघव ने शेयर की बेटे की झलक

**मुंबई।** परिणीती चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा हाल में बेटे के पेरेंट्स बने हैं। 19 अक्टूबर को कपल ने एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की थी। अब ठीक एक महीने बाद परिणीती ने नया पोस्ट शेयर कर दुनिया को अपने बेटे का नाम बताया है। एक्ट्रेस ने अपने बेटे के नाम का मतलब और पहली झलक शेयर की है। इन तस्वीरों में राघव भी नजर आ रहे हैं। दोनों बेटे को चूमते नजर आए। परिणीती ने बेटे की पहली झलक शेयर करते हुए नाम उजागर किया है। एक्ट्रेस ने संस्कृत का एक श्लोक शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा है, ‘जलस्य रूपम्, प्रेमस्य स्वरूपम् - तत्र एव नीर।’ एक्ट्रेस ने आगे लिखा, ‘हमने उसका नाम ‘नीर’ रखा है। शुद्ध, दिव्य, असीम। इस पोस्ट पर वरुण धवन ने रिएक्शन दिया है। भारती सिंह को भी नाम पसंद आया।

टीवी मसाला



# नई वेब सीरीज: छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** सिंगल मदर्स पर तो हमने कई दिलचस्प कहानियां देखी हैं। लेकिन, इस बार बात ‘सिंगल पापा’ की है। यह सीरीज 12 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। ओटीटी पर एक नई कॉमेडी सीरीज ‘छोटा पैकेट और बहुत बड़ा धमाका’ आ रही है, जिसमें कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। उनके किरदार का नाम ‘जीजी’ है। एक ऐसा इंसान जिसकी उम्र तो बढ़ गई, लेकिन हकरतें बच्चों वाली हैं। ऊपर से बीवी ने तलाक दे दिया है। मजेदार बात यह कि अपने बाकपन में बिना सोचे-समझे, जीजी एक बच्चे को गोद ले लेता है। अब इसके बाद उसका क्या होता है, यह देखने लायक होगा। ‘सिंगल पापा’ एक नई फैमिली कॉमेडी वेब सीरीज है। फर्स्ट लुक पोस्टर आ गया है। यह शो आज के इस नए जमाने में पिता बनने के बाद उथल-पुथल भरी जिंदगी पर मजेदार और मार्मिक नजर डालती है। शो में कुणाल खेमू के साथ प्राजक्ता कोली, आयशा रजा और मनोज पाहवा भी हैं कहानी का नायक गौरव गहलोत है, जो एक हट्टा-कट्टा पुरुष है, लेकिन दिमाग बालकों वाला है। गौरव गहलोत उर्फ जीजी की उम्र तो बढ़ गई, लेकिन अक्ल और भावनाएं बचपने में ही अटकी हैं। जीजी का नया-नया तलाक हुआ है। रिश्ता टूटने का उसे दर्द तो है, लेकिन इससे उबरने के लिए वह जल्दबाजी में एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। अब बच्चे की परवरिश करना कोई आसान बात तो है नहीं, खासकर जीजी के लिए और भी सिंगल पापा बनकर। तो कहानी में आगे उसकी जिंदगी में उथल-पुथल है। ढेर सारा पारंपरिक ड्रामा है, हैरान-परेशान कर देने वाली हरकते हैं। लेकिन, इसी के साथ एक सिंगल फादर के संघर्ष की मार्मिक कहानी भी है।



## मलाइका ने कंटेस्टेंट के सिर पर रखे गैस-चूल्हे पर बनाई चाय

**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा हाल ही यो यो हनी सिंह के गाने ‘चिलगम’ के कारण खूब सुर्खियां बटोर रही थीं और कुछ यूजर्स ने उनके डांस के कारण एक्ट्रेस को निशाने पर ले लिया था। अब वह नए रियलिटी शो ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के कारण चर्चा में हैं। मलाइका अरोड़ा इसमें जज बनी हैं और साथ में नवजोत सिंह सिद्धू भी हैं। हाल ही मलाइका ने शो के एक एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सिर पर गैस-चूल्हा रखकर चाय बनाई। फिर चाय नवजोत सिद्धू और बाकी लोगों को भी पिलाई। मलाइका के साथ-साथ कंटेस्टेंट की दिलेरी देख सबके पसीने छूट गए। इसे ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ के आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा, पर मेकर्स ने इसका प्रोमो रिलीज किया है। ‘इंडियाज गॉट टैलेंट’ में एक से बढ़कर एक कंटेस्टेंट्स अपना हुनर लेकर आ रहे हैं, जो सभी को हैरान कर रहा है। शो में एक ऐसा कंटेस्टेंट भी आया, जिसने अपने सिर पर एक गिलास के ऊपर गैस और चूल्हा रखकर बैलेंस किया। यह देख सब हैरान रह गए।

# मस्ती-4 को मिला ए सर्टिफिकेट, हटाया गया 9 सेकंड लंबा जानवरों से जुड़ा सीन

**मुंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी की एडल्ट कॉमेडी फिल्म मस्त का चौथा पार्ट आ रहा है। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित मस्ती 4 को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सीबीएफसी ने एडल्ट सर्टिफिकेट किया है। उन्होंने कई बदलाव और कट्स को बोले हैं जिसके बारे में आपको बताते हैं।




***क्या बदलाव करने को कहा गया :*** सीबीएफसी ने मेकर्स ने मस्ती 2 के 3 डायलॉग को मॉडिफाई और एक को रिप्लेस करने को बोला है। बहन और आइडम जैसे शब्दों को रिप्लेस करने को कहा है। एक शराब के ब्रांड के नाम को फिक्शनल नाम दिया है। इसके अलावा सीबीएफसी ने मेकर्स को 9 मिनट का लंबा टॉप एंगल एनिमल हम्पिंग विजुअल को डिलीट करने को भी बोला है। 30 सेकंड का ह्यूमन फेस का लॉन्ग और क्लोज विजुअल भी ट्रिम किया है। सारे मॉडिफिकेशन के बाद फाइनल रमटाइम मस्ती 4 का है 144.17 मिनट यानी 2 घंटे 24 मिनट और 17 सेकेंड का।

### *आफताब बोले यह फिल्म फन के लिए है*

*आफताब ने मस्ती 4 की थीम को लेकर कहा था यह फिल्म ना महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करता है और ना ही एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट करता है। उन्होंने कहा, ‘मस्ती 1 में लोगों को लगा कि हम महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई कर रहे हैं और एक्स्ट्रामैरिटल अफेयर को प्रमोट कर रहे हैं, लेकिन यह एक सिंपल फिल्म है जिसमें 3 आदमी बाहर कुछ मस्ती करना चाहते हैं, लेकिन एंड में उन्हें उनकी पत्नियों से एक सीख मिलती हैं। यह सब सिर्फ एंटरटेनमेंट है। कई सीरियस फिल्म अफेयर्स पर फिल्म बनाते हैं, लेकिन उनपर कोई सवाल नहीं करता है।’*

# चेक करनी है पार्टनर की लॉयल्टी? तो इस फिल्म से लें आइडिया...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में भी बनी हैं, जो कपल की लॉयल्टी पर बेस्ड हैं। इन फिल्मों को देखने का एक फायदा यह होता है कि इससे यह पता करने में आसानी होती है कि कई आपका पार्टनर आपको चीट तो नहीं कर रहा है। चाहे शादीशुदा हो या कमिटेड लॉयल्टी चेक वाली फिल्में देखने में कोई बुराई नहीं है, क्योंकि आज के टाइम में किसी पर भी आंख मूंद कर भरोसा करना ठीक नहीं है। क्योंकि, अब तो सोशल मीडिया पर रिलेशनशिप को लेकर इतना रायता फैल गया है कि लोगों के बने बनाए घर तक बिगड़ गए हैं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस फिल्म के बारे में जिसे देखने के बाद आप पता कर सकते हैं कि आपकी या आपका पार्टनर, बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड आपके पीठ पीछे कोई गुल तो नहीं खिला रहे हैं।



## कपल के सामने थी कुछ ऐसी शर्त

पहले पार्ट में फिल्म लवयापा होती है और दूसरे पार्ट में यह लव+सियापा बन जाती है। जब दोनों की बात शादी तक पहुंच जाती है, तो बानी के पिता दोनों के सामने एक ऐसी शर्त रखते हैं, जिससे दोनों की असल मोहब्बत की परतें खुलकर सामने आ जाती हैं। शर्त यह होती है कि दोनों को 24 घंटे के लिए एक-दूजे का मोबाइल फोन एक्सचेंज करना है। हालांकि, दोनों के लिए ऐसा करना कठिन था, फिर भी दोनों ने शादी के लिए यह डील मान ली।

## पार्टनर की पोल खोल देगी ये फिल्म

इस फिल्म का नाम है लवयापा। फिल्म में आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया था। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह दिल्ली के रहने वाली गौरव (जुनैद) और बानी (खुशी ) नामक कपल पर बेस्ड है। यह दोनों इंस्टाग्राम पर मिलते हैं और काफी समय तक एक-दूजे को डेट करते हैं। इस दौरान वह एक-दूजे को जानने और समझने की कोशिश भी करते हैं। दोनों में बहुत खूबसूरत केमिस्ट्री चल रही है होती है कि तभी इन दोनों की लाइफ में ऐसा ट्विस्ट आता है कि इनका बाबू-शोना वाला प्यार देखते ही देखते लड़ाई झगड़े में तब्दील हो जाता है।

## गानों में हैं अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी

# जुबीन गर्ग के इन गानों ने दर्शकों के दिलों में बनाई खास जगह

*__मुंबई।__ दिवंगत असमिया गायक जुबीन गर्ग के गानों में अलग तरह की गहराई, दर्द और मेलोडी है, जो उन्हें बाकी गायकों से अलग बनाती थी। जुबीन गर्ग गायकी की दुनिया का वो नाम थे, जो जन-मानस के दिलों पर आज भी राज करते हैं। गायक तो अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके गीत सदा के लिए अमर हो चुके हैं।*

### या अली

साल 2006 में अनुराग बसु के निर्देशन में फिल्म ‘गैंगस्टर’आई थी। इस फिल्म का गाना ‘या अली’ काफी प्रसिद्ध हुआ था, जिसे जुबीन गर्ग द्वारा गाया गया था। इसे संगीतबद्ध प्रीतम ने किया था। यह ट्रैक आज भी पुराने-नए सभी म्यूजिक प्लेलिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए है।

### जाने क्या चाहे मन

साकेत चौधरी के निर्देशन में साल 2006 में फिल्म ‘प्यार के साइड इफेक्ट्स’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जाने क्या चाहे मन’ को दर्शकों ने खूब प्यार दिया था। इस गीत को जुबीन गर्ग की आवाज ने अमर बना दिया।

### दिल तू ही बता

ऋतिक रोशन अभिनीत फिल्म ‘कृष 3’ 2013 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में मौजूद ‘दिल तू ही बता’ गाने को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। यह रोमांटिक सॉन्ग दर्शकों के दिलों को छू गया था। इस गाने में जुबीन गर्ग के साथ अलीशा चिनॉय भी थीं।





### की कसूर

मोहित हुसैन के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘कैसे कहें’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘की कसूर’ को जुबीन गर्ग ने आवाज दी थी। सिंगर की दिल छू लेने वाली गायकी ने इसे एक क्लासिक सॉन्ग बना दिया।

### जीना क्या तेरे बिना

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म ‘क्या लव स्टोरी है’का गाना ‘जीना क्या तेरे बिना’ इमोशंस को बयां करता है। जुबीन गर्ग की आवाज ने इस गाने को भावनाओं से भरने का काम किया था।

### जग लाल लाल लाल

गुड्डु धनवा के निर्देशन में साल 2007 में फिल्म ‘बिग ब्रदर’ रिलीज हुई थी। इस फिल्म के गाने ‘जग लाल लाल लाल’ को दर्शकों ने ढेर सारा प्यार दिया था। जुबीन गर्ग की गायकी ने इसे लोगों के लिए और भी यादगार बना दिया।

## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री ओपी के मदद से चौहान परिवार को राहत



**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने एक बार फिर अपने संवेदनशील और मानवीय नेतृत्व का परिचय दिया है। रायपुर में उपचाररत बोरिदा गाँव के त्रिलोचन चौहान के निधन के बाद उनके परिवार पर लगभग 90 हजार का अस्पताल बिल बकाया था। आर्थिक संकट से जूझ रहे इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए स्वयं आगे आते हुए ओपी चौधरी ने पूरा खर्च वहन किया और उन्हें राहत प्रदान की। वित्त मंत्री ने न केवल अस्पताल का बिल चुकाया, बल्कि एंबुलेंस की व्यवस्था करते हुए अंतिम संस्कार से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया भी सुनिश्चित कराई।

### इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के 89 ग्राम पंचायतों को मिलाकर बने 10 जोन में कुछ दिन पहले ग्रामीण स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ था। जहां चयनित खिलाड़ियों का खंड स्तर में प्रतियोगिता होना था। बीते मंगलवार को इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में यह आयोजन हुआ। जिसमें नगर पंचायत पुसौर सहित क्षेत्र के 10 जोन के जीते हुए खिलाड़ियों के बीच पुनः आपसी स्पर्धा हुई। जानकारी के मुताबिक इसमें केवल पुरूष वर्ग शामिल रहे और बुधवार को महिलाओं का होगा। इस आयोजन के लिए सीईओ विवेक गोस्वामी ने अपने जनपद के कर्मचारियों के साथ पहले से बैठक कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षा विभाग के बीईओ और अन्य कर्मचारियों ने भी इस आयोजन में सहभागिता निभाई।

### ग्राम राईतराई में चलित थाना का आयोजन

**पुसौर।** पुसौर थाना क्षेत्र के कुल 120 ग्रामों में सायबर जागरूकता व ठगी से बचने तथा अपराध पर अंकुश लगाने जिला पुलिस प्रशासन के निर्देश पर पुसौर टीआई रामकिकर यादव अपने मातहत लोगों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग के साथ साथ चलित थाना आयोजित किया जा रहा है इसी कड़ी में खरसिया विधान सभा क्षेत्र के ग्राम राईतराई जो कि पुसौर थाना क्षेत्र में आता है । वहां चलित थाना का आयोजन बीते मंगलवार को किया गया। इस क्षेत्र में अब तक के घटनाक्रमों में पुसौर पुलिस अपराध के रोकथाम में कामयाब रही है । जिसका कारण सोशल पुलिसिंग, चलित थाना एवं सघन पेट्रोलिंग हैं। थाना प्रभारी एवं टीम द्वारा राईतराई के सामुदायिक भवन प्रांगण में आयोजित चलित थाना में स्थानीय सरपंच सहित अन्य पंचायत पदाधिकारियों के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**रायगढ़।** शहर के इतवारी बाजार के ऑक्सीजोन गार्ड रूम में एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 50 वर्ष का शव मिलने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का निरीक्षण किया। शव के निरीक्षण पर मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने मृतक के वारिसानों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन अभी तक उनका पता नहीं चल पाया है। मृतक के शव को केजीएच के मरच्युरी रूम में रखा गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के पतासाजी की जा रही है।

### संयुक्त टीम ने किया 951 बोरी अवैध धान जब्त

**रायगढ़।** बुधवार को राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने तमनार के ग्राम बिजना में निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को माखन गुप्ता पिता भुनेश्वर गुप्ता के घर में बड़ी मात्रा में धान का अवैध भंडारण मिलने की जानकारी मिली। मौके पर की गई विस्तृत जांच में कुल 951 बोरी धान अवैध रूप से धान मिला, जिसे जब्त किया गया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि शासन की धान खरीदी नीति को प्रभावित करने वाली किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध भंडारण और नियम विरुद्ध गतिविधियों पर प्रशासन की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

### गौधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला समिति की पहली बैठक

# पशु संरक्षण, ग्रामीण रोजगार एवं जैविक अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना के सुचारू क्रियान्वयन तथा निराश्रित, घुमंतु और अन्य पशुओं के संरक्षण, संवर्धन एवं व्यवस्थापन के उद्देश्य से विगत दिवस जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला गौधाम समिति की प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत जिलाध्यक्ष मदन सोनी ने की।

इस बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एम.एस. बघेल सहित सात विकासखण्डों के मनोनीत कार्यकारी अध्यक्ष एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक खरे ने गौधाम योजना की अवधारणा, उद्देश्य, संचालन पद्धति एवं जिला स्तर पर अपनाई जाने वाली कार्ययोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में जिलाध्यक्ष मदन सोनी ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का आधार भी है। उन्होंने सभी सदस्यों से भावपूर्ण सहभागिता का आग्रह किया। साथ ही योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए सभी से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

■ गौधाम योजना के जिलाध्यक्ष मदन सहित कलेक्टर - एसएसपी बैठक में हुए शामिल

गौधाम योजना से खुलेगा रोजगार, चारा पशुओं की देखभाल के लिए अनुदान, चरवाहा भत्ता एवं चारा उत्पादन पर भी सहायता - गौधाम योजना के अंतर्गत चरवाहों को प्रतिमाह 10 हजार 916 रुपए और पशुसेवकों को 13 हजार 126 रुपए का मानदेय प्रदान किया जाएगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पशुसेवा के प्रति लोगों का जुड़ाव बढ़ेगा। पशुओं की संख्या के आधार पर संचालन हेतु वित्तीय प्रावधान भी किए गए हैं। जिसमें गौधाम में रखे गए पशुओं की देखभाल के लिए प्रतिदिन प्रति पशु भत्ता दिया जाएगा, जो प्रथम वर्ष से लेकर चतुर्थ वर्ष तक 10 से 35 रुपए प्रतिदिन तक निर्धारित किया गया है। गौधामों में चारा विकास को बढ़ावा देने हेतु आस-पास की भूमि पर हरे चारे की खेती की जाएगी जिसके लिए शासन द्वारा प्रति एकड़ 47 हजार रुपए की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पाँच एकड़ भूमि तक चारा उत्पादन करने पर लगभग 2 लाख 85 हजार रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इससे न केवल पशुओं के लिए पौष्टिक चारा उपलब्ध होगा बल्कि ग्रामीण समुदाय को कृषि आधारित अतिरिक्त आय सृजन के अवसर भी प्राप्त होंगे।

#### उत्पादन और स्वावलंबन का नया रास्ता

बैठक में कलेक्टर रोहित व्यास ने गौधाम योजना के प्रभावी संचालन की दिशा में सुझाव देते हुए कहा कि निराश्रित एवं जप्त पशुओं के लिए सुरक्षित परिसर, पर्याप्त चारा, चिकित्सा सुविधा, पानी, बिजली, पशु आश्रयशाला तथा प्रशिक्षित पशुसेवकों की नियुक्ति महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि गाय हमारी माता है, इसमें ईश्वर का वास है, अतः इनके संरक्षण और सेवा के लिए समाज, प्रशासन और पशुसेवा संस्थाओं का सामूहिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। जिले में वर्तमान में 26 सर्व-सुविधायुक्त गौठानों को गौधाम योजना के लिए चयनित किया गया है, जहाँ निराश्रित, सड़क पर विचरने वाले और छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 के अंतर्गत जप्त पशुओं को रखा जाएगा। गौधामों में इन पशुओं की भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं देखभाल की व्यवस्था के साथ-साथ जैविक कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गोबर एवं गौमूत्र आधारित उत्पादों जैसे वर्मी कम्पोस्ट खाद, गोनाइल, अगरबत्ती, दीप, प्राकृतिक पेंट, जैविक कीटनाशक एवं सफाई उत्पाद तैयार करने हेतु प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने जिले में गौ तस्करी निरोधात्मक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से अब तक कई जप्त पशुओं को सुरक्षित गौधामों में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने जनभागीदारी, सूचना तंत्र की मजबूती और सामाजिक संगठनों की सहभागिता के माध्यम से तस्करी को रोकने पर बल दिया।

---

# जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता 22 व 23 को कुनकुरी



■ एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजन समिति की हुई बैठक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता आगामी 22 और 23 नवंबर को आयोजित हो रही है। आयोजन समिति के अध्यक्ष जशपुर एसडीएम विश्वास राव मस्के के निर्देश पर सेजेस कुनकुरी के सभाकक्ष में आयोजन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता कुनकुरी के एसडीएम नंदजी पांडेय के द्वारा की गई। बैठक में समिति के सचिव ,खेल अधिकारी समीर बड़ा और सदस्य प्राचार्य विनोद गुप्ता उपस्थित रहे।

बैठक में भोजन, आवास , पेयजल, सुरक्षा, चिकित्सा, साफ सफाई व्यवस्था, कंट्रोल रूम, हेल्प डेस्क सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। खेल अधिकारी समीर बड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए दोनों प्रकार के निःशुल्क एवं रियायती दर पर आवास की व्यवस्था भी की गई है। खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता स्थल पर रियायती दर पर नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता में अंडर-19 जूनियर वर्ग बालक और बालिका, सीनियर वर्ग पुरुष , वेटरन 45+ आयु वर्ग पुरुष के लिए सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले होने हैं। पंजीयन कम होने के कारण सीनियर ओपन महिला और वेटरन महिला वर्ग के मुकाबले निरस्त किए गए हैं। जिला बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी विनोद गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों को यूनिफॉर्म के साथ नॉन-मार्किंग शूज़ पहनना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में योनेक्स 350 शटल का उपयोग किया जाएगा। पंजीकृत खिलाड़ियों को प्रतियोगिता प्रारंभ होने से पूर्व आधार कार्ड की एक फोटोकॉपी जमा करानी होगी तथा मैच प्रारंभ होने से 15 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति की सूचना आयोजन समिति को देनी होगी। प्रतियोगिता हेतु अंडर 19 बालक वर्ग एकल में 25 डबल में 9, बालिका वर्ग सिंगल में 09, सीनियर ओपन पुरुष एकल में 27 डबल में 43, सीनियर ओपन महिला एकल में 3 डबल में 4, वेटरन पुरुष एकल में 08, डबल में 11 सीनियर ओपन पुरुष एकल में 27 डबल में 43, खिलाड़ियों ने पंजीयन किया है। प्रतियोगिता के तीनों वर्गों के विजेताओं को नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा सीनियर वर्ग के विजेता को राज्य स्तरीय सीनियर ओपन प्रतियोगिता के मेन ड्रॉ में सीधे प्रवेश का अवसर मिलेगा।

---

# निफ्टम का मोटा अनाज आधारित बेकरी उत्पादों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण



**जशपुरनगर।** निफ्टम ने मोटा अनाज आधारित बेकरी उत्पादों पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरियाणा की कुंडली में स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ूड टेक्नोलॉजी, एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट की ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम टीम ने प्रो. प्रसन्ना कुमार जी.वी. और अभिमन्यु गौर के नेतृत्व में आज जशपुर नगर, जशपुर में महुआ पर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में मोटा अनाज से बने बेकरी प्रोडक्ट्स पर फोकस करते हुए एक हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग सेशन किया। इस प्रोग्राम में सेल्फ़-हेल्प ग्रुप्स की कुल 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया, जिसका मकसद नान खटाई, न्यूट्रीबार और कुकीज़ जैसे बेकरी आइटम्स में मोटा अनाज के इस्तेमाल से न्यूट्रिशनल अवेयरनेस, स्किल डेवलपमेंट और रोज़ी-रोटी के मौकों को बढ़ावा देना था।

निफ्टम के स्टूडेंट्स ने बाजरे के "न्यूट्री-सीरियल्स" के तौर पर महत्व पर ज़ोर दिया, जो फ़ाइबर, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। ट्रेनिंग में ग्रामीण महिलाओं के लिए एंटरप्रेन्योरशिप के मौकों पर ज़ोर दिया गया, जिससे उन्हें हेल्दी, बाजरे से बने प्रोडक्ट्स की बढ़ती डिमांड को पूरा करके अपनी इनकम के सोर्स को अलग-अलग करने में मदद मिली। पार्टिसिपेंट्स इस प्रोग्राम को लेकर बहुत उत्साहित थे, उन्होंने कहा कि निफ्टम द्वारा दिए गए प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन और गाइडेंस से उन्हें अपने समुदायों में छोटे पैमाने पर काम शुरू करने में मदद मिलेगी। जशपुर में निफ्टम टीम वैल्यू-एडेड फ़ूड प्रोडक्ट्स के प्रोडक्शन के साथ-साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए टेक्निकल सपोर्ट देकर लोकल समुदायों के लिए एंटरप्रेन्योरशिप के मौके बनाने के लिए ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम लागू कर रही है।

### आकाशीय बिजली एवं मौसम की एप से मिलेगी जानकारी

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा बाढ़, आकाशीय बिजली, वनीय आग, लू-ताप-घात आदि आपदाओं के बारे में जनसामान्य को पूर्व चेतावनी प्रदान करने हेतु सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप विकसित किये गए है, मोबाइल में सचेत, दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड कर उपयोग करने तथा आपदा के समय जनसामान्य की सहायता एवं बचाव हेतु आपदा टोल फ्री नंबर 1070 जारी किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा सभी आम नागरिकों को दामिनी एवं मेघदूत एप को गूगलप्ले स्टोर से डाउनलोड करने हेतु सूचित किया जा रहा है। ऐप डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है तथा विशेष परिस्थिति में टोल फ्री नंबर 1070 पर कॉल कर संपर्क स्थापित कर सकते है। मेघदूत ऐप डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा लांच किया गया है।

# दुलदुला में उद्यान रोपणी माली प्रशिक्षण का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना घटक-मानव संसाधन विकास माली प्रशिक्षण कार्यकम शासकीय उद्यान रोपणी दुलदुला में उद्यानिकी विभाग द्वारा विगत 18 नवम्बर 2025 को विधिवत शुभारंभ जनपद अध्यक्ष राजकुमार सिंह द्वारा किया गया।

उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित माली प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्तमान समय की जरूरतों के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल बन चुका है। बदलते कृषि परिदृश्य, बढ़ती उद्यानिकी मांग, और गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं और पारंपरिक मालियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है। माली प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पौध उत्पादन की आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक ग्राफ्टिंग, कटिंग, नर्सरी प्रबंधन, पौध संरक्षण, कीट-रोग नियंत्रण, शेडनेट तथा पॉलीहाउस तकनीक जैसी विधियों में दक्ष बनाना है। आज के समय में गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन केवल परंपरागत ज्ञान से संभव नहीं है। पौधों की बढ़ती मांग, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियाँ, और कीट-रोग हमलों से निपटने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों अनिवार्य हो गई हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक कृषि उपकरणों का उपयोग, जैविक और रासायनिक उपचारों का संतुलित प्रयोग, तथा उन्नत सिंचाई तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण का एक बड़ा सामाजिक प्रभाव यह है कि इससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। नर्सरी स्थापित करना, गार्डनिंग सेवाएँ, पार्क एवं संस्थागत बागवानी, पौध रोपण कार्य, तथा लैंडस्केपिंग जैसे क्षेत्रों में अच्छी आय सम्भव है। महिलाओं की भागीदारी भी इन प्रशिक्षणों में लगातार बढ़ रही है। पौध उत्पादन और नर्सरी प्रबंधन ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ महिलाएँ सहज रूप से कार्य कर सकती हैं।

---

### विद्युत दुर्घटना में मृत बालक के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की तत्परता से विद्युत दुर्घटना में मृत बालक के परिजनों को आर्थिक राहत मिली है।

पुराने प्रकरण का तत्परता से निराकरण किया गया है। कैंप कार्यालय के अधिकरियों के समन्वय से प्रकरण के तहत 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इससे परिजनों को आर्थिक राहत मिली है। इस पर परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अम्बिकापुर द्वारा थाना कांसाबेल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोंगरो में घटित विद्युत दुर्घटना में मृत्यु के प्रकरण में अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 नवंबर 2021 को करेंट लगने से बालक शिवा चौहान गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिनका उपचार के दौरान 30 नवंबर 2021 को निधन हो गया।दुर्घटना में मृत बालक शिवा चौहान के वैधानिक उत्तराधिकारी उनकी माता पार्वती चौहान को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि स्वीकृत की गई है। कंपनी ने अपनी सामाजिक एवं मानवीय संवेदनशीलता का निर्वहन करते हुए इस आर्थिक सहायता राशि को स्वीकृत किया है।

# सराईटोली को मिला नया ट्रांसफार्मर

**जशपुरनगर।** जिले के ग्रामीण इलाकों में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे निवासियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल के बाद बड़ी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विद्युत विभाग ने जिले में युद्धस्तर पर काम करते हुए बिजली की समस्या वाले जगहों में नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए हैं।

इसी क्रम में फरसाबहार ब्लॉक की ग्राम पंचायत दलटोली के आश्रित गाँव सराईटोली में भी बहुप्रतीक्षित नया ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है, जिससे अब गाँव में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। साथ ही ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विद्युत विभाग ने एजेंसी को राशि जारी कर दी है। साथ ही ट्रांसफार्मर लगाने के कार्य को तेज गति से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में विद्युत वितरण व्यवस्था को सुधारने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे करने और जहाँ भी आवश्यकता हो, तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। इसी तारतम्य में तेजी से विद्युतीकरण का काम हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सराईटोली में लंबे समय से बिजली की समस्या थी, जहाँ लो वोल्टेज के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। गांव के सरपंच आशा राम सिदार ने इस समस्या को लेकर बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। सरपंच की मांग को तत्परता से लेते हुए कैंप कार्यालय के अधिकारियों ने गांव में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उच्च कार्यालय में समन्वय किया। इसके फलस्वरूप शासन से नए ट्रांसफार्मर की स्वीकृति हुई। साथ ही गांव में ट्रांसफार्मर लगाने का भी कार्य आदेश जारी हो चुका है। विद्युत विभाग के एक्जीक्यूटिव अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री साय के मार्गदर्शन में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है।

■ ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात

# तहसीलदार ने किया अवैध रेत परिवहन करते हाइवा जब्त




**बरमकेला।** हाइवा क्रमांक सीजी-13-डी 2151 में वाहन चालक समसाद द्वारा नौघटा सरिया से बिना वैध दस्तावेज के रेत भुक्ता ओड़िशा ले जाते हुए कंचनपुर बैरियर के पास पकड़ा गया है। वाहन मालिक को भुक्ता का बताया जा रहा है। तहसीलदार कोमल प्रसाद साव ने देर शाम करीब 8 बजे अपनी टीम साथ हो रहे अवैध रेत तस्करी को रोकने मे कामयाब रहे।

> उक्त हाइवा को जब्त कर अग्रिम कार्रवई के लिए थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया है। प्रकरण तैयार कर एसडीएम के माध्यम से प्रतिवेदन बना कर माइनिंग शाखा को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।
>
> **कोमल प्रसाद साहू, तहसीलदार सरिया**

---

### पासबुक में एंट्री कराई तो किसान को मिली जानकारी, आज सौपेंगे जांच रिपोर्ट

# किसान के खाते से बैंककर्मी ने उड़ाए 4 लाख, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ




किसान के खाते से चार लाख निकालने वाले बैंक कर्मी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज होने के साथ ही जांच भी पूरी हो गई है। आज बैंक के जांच अधिकारी इसकी रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप देंगे। आम आदमी बैंक में अपनी मेहनत की कमाई इसलिए जमा करता क्योंकि उसने सुरक्षा का पूरा भरोसा होता है। लेकिन बैंककर्मी ही चुपचाप एकाउंट से रकम निकालकर गबन कर ले तो तो भरोसा टूट जाता है। ऐसा ही कुछ अपेक्स बैंक रायगढ़ ब्रांच में हुआ है। अब मुख्यालय और जांचकर्ता अधिकारी दोषी को बचाने के लिए दिनरात एक कर रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर का तबादला नोडल कार्यालय कर दिया गया है।

यह मामला अपेक्स बैंक के रायगढ़ ब्रांच रामपुर का है। यहां महेश राम पटेल निवासी ननसिया का एकाउंट है जिसमें करीब 24.64 लाख रुपए जमा थे। महेश बीमारी के कारण चलने.फिरने में असमर्थ है। उसके पुत्र बृजेश पटेल ने 6 नवंबर को पिता के पासबुक में एंट्री कराने गया तो पता चला कि उसके एकाउंट से चार लाख रुपए निकाले गए हैं। उसके पिता बैंक नहीं आए बृजेश ने भी राशि नहीं निकाली तो फिर रुपए कौन निकाल ले गया। कोई चैकबुक भी जारी नहीं करवाई गई। पूछताछ में पता चला कि बैंक के ही कर्मचारी युगेश पटेल निवासी ननसिया ने दो बार में चार लाख रुपए उसके एकाउंट से निकाले हैं। कोतवाली में युगेश पटेल के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि कंप्यूटर ऑपरेटर बसंत चंद्राकर की भी भूमिका है। ऐसा पहले भी करने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार कंम्प्यूटर ऑपरेटर के आईडी से काम होता है। ऐसे में या तो आईडी का गलत इस्तेमाल किया गया है या फिर मामला कुछ और है यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

दरअसल जिन खातों में बड़ी रकम जमा रहती है वहां से रुपए निकालकर कहीं और इन्वेस्ट कर देते हैं। कुछ दिनों बाद राशि मिलने पर इसे जमा कर दिया जाता है। लेकिन इस बार किसान ने स्टेटमेंट निकलवा लिया तो मामला खुल गया। इस मामले की जांच सुनील सोढ़ी को दी गई। श्री सोढ़ी ने बताया कि जांच पूरी हो गई है। आज कलेक्टर को रिपोर्ट सौंप दी जाएगी।

#### पुलिस ने कराई है रकम वापस किसान का ऑडियो वायरल

इस केस में कोतवाली पुलिस की भूमिका बहुत गंभीर है। प्रार्थी किसान का एक कथित ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें वह कह रहा है कि उसको थाने से रुपए वापस मिल गए हैं। पुलिस ने पीड़ित किसान और आरोपी के बीच सुलह करवा दी। जबकि मामला कूटरचना का भी है। बैंक एकाउंट से रुपए निकालने के लिए आरोपियों ने आधार कार्ड से छेड़छाड़ की। चैकबुक भी गलत तरीके से निकाली गई, लेकिन अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है।